# दुर्गा प्रसाद बलजीत सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अनूपशहर

## जिला–बुलन्दशहर

## प्रगति आख्या (2019–20)

**डॉ० उमेश कुमार झा, प्राचार्य**

यह अत्यन्त हर्ष का विषय है कि दुर्गा प्रसाद बलजीत सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अनूपशहर अपनी स्थापना के 54 वर्ष पूर्ण कर चुका है। सन् 1965 से 2019 तक की इस अवधि में महाविद्यालय ने उत्तरोतर संरचनात्मक एवं गुणात्मक प्रगति की है। महाविद्यालय के अनेक छात्र एवं छात्राओं ने विश्वविद्यालय स्तर पर शैक्षिणक तथा विभिन्न पाठ्यसहगामी कार्यक्रमों में महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। वर्तमान समय में चार अनुदानित एवं चार स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं, जिनमें कुल 1561 छात्र–छात्रायें अध्ययनरत हैं। शैक्षणिक उपलब्धियों एवं अनुशासन की दृष्टि से यह महाविद्यालय चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में अपना विशिष्ट स्थान रखता है।

01– सत्र 2018–2019 का परीक्षाफल विगत वर्ष की भांति उत्तम रहा है। महाविद्यालय में उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार परीक्षाफल निम्न प्रकार है : –

| पाठ्यकम | परीक्षाफल (उत्तीर्ण प्रतिशत) |
|---|---|
| बी0ए0 | 95.00% |
| बी0एस–सी0 | 100.00% |
| बी0कॉम0 | 84.68% |
| बी0सी0ए0 | 91.07% |
| एम0ए0 (संस्कृत) | 87.50% |
| एम0एस–सी0 (भौतिकी) | 40.00% |
| एम0एस–सी0 (रसायन विज्ञान) | 72.72% |
| बी0एड0 | 100.00% |

02– प्रबन्ध समिति द्वारा महाविद्यालय में सभी कक्षायें सुचारू रूप से चलाने हेतु विभिन्न विषयों में शासन स्तर से शिक्षकों के रिक्त पदों के सापेक्ष अंशकालिक शिक्षकों (ट्यूटर) की व्यवस्था की गयी है।

03– शारीरिक शिक्षा विभाग में कार्यरत प्राध्यापक डॉ0 सीमान्त कुमार दुबे ने एमिटी विश्वविद्यालय, नोयडा से शारीरिक शिक्षा विशय में गुणवत्तापूर्ण शोध कार्य पूर्ण कर पी0एच–डी0 की उपाधि प्राप्त की है।

04– महाविद्यालय में रेडियो फ्रिकवेंसी लिंक द्वारा 4G की गति से सभी विभागों, पुस्तकालयों तथा कार्यालयों मे इंटरनेट की सुविधा प्रदान की गयी है ।

05– "आन्तरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC)" के तत्वाधान में शैक्षणिक एवं शिक्षणेत्तर गतिविधियों की गुणवत्ता संवर्धन का निरन्तर प्रयास किया जा रहा है ।

06– दिनांक 09–07–2019 को NCC कैडेटस ने पर्यावरण प्रदूषण के प्रति जागरूकता उत्पन करने हेतु रैली निकाली तथा प्राचार्य द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रदूषणों पर प्रकाश डालते हुए पर्यावरण सुधार हेतु अनेक सुझाव दिये गये।

07– दिनांक 09–08–2019 को व्यापक स्तर पर पौधा–रोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें प्राचार्य एवं महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं छात्र–छात्राओं ने सहभागिता की।

08– महाविद्यालय में राष्ट्रीय पर्व के रूप में 15 अगस्त 2019 को स्वतंत्रता दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया ।

09– दिनांक 29–08–2019 को राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस एवं राष्ट्रीय खेलदिवस को उत्साह से मनाया गया। फिट इंड़िया

Scanned by CamScanner

मूवमेन्ट प्रारम्भ" होने के उपलक्ष्य मे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का सजीव प्रसारण भी छात्र–छात्राओं को दिखाया गया।

10– दिनांक 05–09–2019 को शिक्षक दिवस महाविद्यालय में उत्साह पूर्वक मनाया गया । इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबन्ध समिति द्वारा सभी शिक्षकों को सम्मानित किया गया ।

11– दिनांक 02–10–2019 को महात्मा गांधी जी की 150 की जंयती एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जंयती को उत्साह पूर्वक मनाया गया इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता व विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया ।

12– दिनांक 11–10–2019 को जनसंख्या समाधान फाउन्डेशन के सौजन्य से जनसंख्या नियंत्रण पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

13– दिनांक 16 एवं 17/10/2019 को महाविद्यालय में वार्शिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कई महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

14– दिनांक 26/10/2019 को शासन के निर्देशानुसार दीपोत्सव कार्यक्रम मनाया गया ।

15– दिनांक 31/10/2019 को राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस अवसर पर एकता दौड़ तथा विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया ।

16– दिनांक 05/11/2019 को पर्यावरण संरक्षण हेतु एक बार में प्रयोग आने वाले प्लास्टिक से बनी सामग्री का प्रयोग न करने तथा इससे होने वाले खतरों के प्रति आम लोगों को जागरूक करने की शपथ दिलायी गयी ।

17– दिनांक 05/11/2019 को एन0सी0सी0 इकाई द्वारा कैरियर गारडेन्स के सम्बन्ध में एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया । यह व्याख्यान ब्रिगेडियर एस0पी0 सिन्हा द्वारा दिया गया ।

18– दिनांक 15/11/2019 को सड़क दुर्घटना रोकथाम के सम्बन्ध में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया ।

19– दिनांक 26–11–2019 को महाविद्यालय में संविधान दिवस मनाया गया ।

20– बी0एड0 विभागाध्यक्ष डॉ0 के0सी0 गौड़ ने मानव संसाधन विकास मंत्रालय (उच्चतर शिक्षा विभाग), भारत सरकार के वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग के विशेषज्ञ के रूप में शिक्षा शब्दाबली (अंग्रेजी–हिन्दी) के निर्माण में दिनांक 25–11–2019 से 29–11–2019 तक प्रतिभाग किया ।

21– दिनांक 08/12/2019 को जेपी समूह द्वारा महाविद्यालय परिसर मे राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के खण्ड काव्य रश्मिरथी पर आधारित नाट्य रूपांतरण प्रस्तुत किया गया ।

22– दिनांक 10/12/2019 को राष्ट्रीय मानवधिकार दिवस मनाया गया । इस अवसर छात्र–छात्राओं को मानव अधिकार सम्बन्धी शपथ दिलायी गयी ।

23– दिनांक 11/01/2020 को संविधान ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।

24– दिनांक 22/01/2020 को सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।

25– दिनांक 23/01/2020 को नेताजी सुभाश चन्द्र बोस की जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया ।

26– दिनांक 26–01–2020 को गणतंन्त्र दिवस धूमधाम से मनाया गया तथा इस अवसर पर छात्र/छात्राओं द्वारा गंगा अवतरण नाटक को प्रस्तुत किया गया ।

27– दिनांक 28/01/2020 को मुख्यमंत्री गंगा रथ यात्रा का विद्यालय परिवार द्वारा स्वागत किया गया तथा इस अवसर पर गंगा को स्वच्छ बनाने का संकल्प भी लिया गया ।

28– महाविद्यालय की राश्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दिनांक 15, 17 एवं 20 जनवरी 2020 को एक दिवसीय विशेष शिविर तथा दिनांक 29–01–2020 से दिनांक 04–02–2020 तक सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

29– दिनांक 07 फरवरी 2020 को वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर प्रत्येक कक्षा के मेधावी छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत किया गया तथा महाविद्यालय की पत्रिका "ऋतम्भरा के तेइसवें अंक" का विमोचन किया गया ।

श्रद्धेय श्री ज[illegible]काश जी गौड़ अध्यक्ष, ऐंग्लो वैदिक शिक्षा समिति के नेतृत्व में महाविद्यालय निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

Scanned by CamScanner